



**LOK SABHA SPEAKER OM BIRLA SETS A HEARTFELT EXAMPLE, FULFILS A 6-YEAR-OLD PROMISE, PARTICIPATES IN MARRIAGE RITUALS OF PULWAMA MARTYR CRPF JAWAN HEMRAJ MEENA'S DAUGHTER IN SANGOD, KOTA/लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने निभाया 6 वर्ष पुराना वादा। सांगोद, कोटा में पुलवामा शहीद सीआरपीएफ जवान हेमराज मीना की बेटी की शादी में शामिल होकर प्रस्तुत किया दिलों को छू लेने वाला उदाहरण**

**…**

**SIX YEARS AFTER CRPF SOLDIER HEMRAJ'S MARTYRDOM IN PULWAMA, HIS HOME WITNESSES JOY AGAIN DURING HIS DAUGHTER'S WEDDING CEREMONY/पुलवामा में सीआरपीएफ जवान हेमराज की शहादत के छह वर्ष बाद, उनकी बेटी की शादी के दौरान घर में फिर से छाईं खुशियां**

**…**

**LOK SABHA SPEAKER PARTICIPATES IN TRADITIONAL BHAAT (मायरा/भात) CEREMONY AND FULFILS A PROMISE HE MADE TO A SISTER SIX YEARS AGO/लोक सभा अध्यक्ष पारंपरिक भात समारोह में शामिल हुए और छह वर्ष पहले अपनी बहन से किया वादा निभाया**

**…**

**LOK SABHA SPEAKER GETS EMOTIONAL, RECALLS HEMRAJ MEENA'S SUPREME SACRIFICE AND STEADFAST PATRIOTISM/लोक सभा अध्यक्ष हुए भावुक। हेमराज मीना के सर्वोच्च बलिदान और उनकी देशभक्ति को किया याद**

**…**

**Kota/New Delhi, 12 April 2025:** Lok Sabha Speaker Shri Om Birla has set a heartfelt example as he fulfilled his promise made years ago and participated in the wedding rituals of daughter of Late CRPF jawan Shri Hemraj Meena and Veerangana Madhubala in Sangod/Kota on Friday.

Six years after the martyrdom of Shri Hemraj Meena who made supreme sacrifice for the nation during the Pulwama attack, there was an atmosphere of celebration in his courtyard for the first time on Friday as the family and relatives gathered for the wedding of his daughter Reena.
It was a moment of sheer joy for the whole family, including Veerangana Madhubala – wife of Late CRPF Jawan Shri Hemraj Meena. Since Shri Meena's martyrdom in 2019, Lok Sabha Speaker Shri Om Birla stood tall with the martyr's family during the tough time as a 'Rakhi-brother' of Veerangana Madhubala.
Since then, the "brother" not only supported the family but also kept his promise. yesterday, when the time came for Madhubala's daughter's wedding, this "brother" reached his sister's house with mayra/bhaat (मायरा/भात) and performed this unique ritual. Seeing this emotional connection between 'sister' Madhubala and her 'brother', everyone present was overwhelmed. After all, it was none other than Lok Sabha Speaker Shri Om Birla, who had arrived with मायरा at the wedding of the daughter of Pulwama martyr Hemraj Meena.

The Pulwama attack had left an indelible mark on the family of martyr Hemraj, plunging them into immense grief. However, Lok Sabha Speaker Om Birla's timely support helped alleviate some of their pain. He formed a strong bond with Veerangana Madhubala, promising to stand by the family through life's joys and sorrows. Over the past six years, on Rakhi and Bhai Dooj, Veerangana Madhubala tied Rakhi to him and did tilak. Lok Sabha Speaker once again stood with the martyr's family when the occasion of the marriage of martyr Hemraj and Veerangana Madhubala's daughter came.

BHAI NE UDHAI CHUNRI, BEHAN NE KIYA TILAK (भाई ने ओढाई चुनरी , बहन ने किया तिलक)

Lok Sabha Speaker along with Sangod MLA and Rajasthan Energy Minister Shri Hiralal Nagar paid respect to Veerangana Madhubala at the event. According to the custom, the Speaker put a chunari on Veerangana Madhubala, while the sister did the tilak and aarti of Shri Birla. Shri Birla paid floral tributes at the statue of Shaheed Shri Hemraj Meena.
Emotions ran high as Veerangana Madhubala, Shri Birla and all the family members present there remembered Pulwama martyr Shri Hemraj Meena. Shri Birla said that martyr Shri Meena's supreme sacrifice and patriotism remains a source of inspiration for entire nation.

**कोटा/नई दिल्ली, 12 अप्रैल 2025:** लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने शुक्रवार को सांगोद/कोटा में दिवंगत सीआरपीएफ जवान श्री हेमराज मीना और वीरांगना मधुबाला की बेटी की शादी की रस्मों में शामिल होकर सालों पहले किया वादा निभाया और दिलों को छू लिया। पुलवामा हमले में देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले श्री हेमराज मीना की

शहादत के छह साल बाद शुक्रवार को पहली बार उनके घर के आंगन में जश्न का माहौल था, जब परिवार और रिश्तेदार उनकी बेटी रीना की शादी के लिए इकट्ठा हुए।
दिवंगत सीआरपीएफ जवान श्री हेमराज मीना की पत्नी वीरांगना मधुबाला सहित पूरे परिवार के लिए यह बेहद खुशी का पल था। 2019 में श्री मीना की शहादत के बाद से लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला वीरांगना मधुबाला के 'राखी-भाई' के रूप में कठिन समय में शहीद परिवार के साथ खड़े रहे। तब से लेकर अब तक 'भाई' ने न केवल परिवार का साथ दिया, बल्कि अपना वादा भी निभाया। कल जब मधुबाला की बेटी की शादी का समय आया, तो यह 'भाई' मायरा/भात लेकर अपनी बहन के घर पहुंचा और यह अनूठी रस्म निभाई। 'बहन' मधुबाला और उसके 'भाई' के बीच इस भावनात्मक जुड़ाव को देखकर वहां मौजूद हर व्यक्ति अभिभूत हो गया। आखिर यह कोई और नहीं बल्कि लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ही थे, जो पुलवामा में शहीद हुए हेमराज मीना की बेटी की शादी में मायारा के साथ पहुंचे थे।

पुलवामा हमले में शहादत के बाद शहीद हेमराज के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा था। हालांकि, लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने समय रहते जो मदद की, उससे उनका दर्द कुछ कम हुआ। अध्यक्ष महोदय ने वीरांगना मधुबाला के साथ भाई-बहन का अटूट रिश्ता बनाया और जीवन के हर सुख-दुख में परिवार के साथ खड़े रहने का वादा किया। पिछले छह वर्षों से राखी और भाई दूज पर वीरांगना मधुबाला उन्हें राखी बांधती हैं और तिलक करती हैं। शहीद हेमराज और वीरांगना मधुबाला की बेटी की शादी पर लोक सभा अध्यक्ष एक बार फिर शहीद के परिवार के साथ खड़े रहे।

भाई ने ओढाई चुनरी, बहन ने किया तिलक

लोक सभा अध्यक्ष ने सांगोद विधायक एवं राजस्थान के ऊर्जा मंत्री, श्री हीरालाल नागर के साथ वीरांगना मधुबाला का सम्मान किया। परंपरा के अनुसार अध्यक्ष महोदय ने वीरांगना मधुबाला को चुनरी ओढ़ाई, जबकि बहन ने श्री बिरला का तिलक एवं आरती की। श्री बिरला ने शहीद श्री हेमराज मीना की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

वीरांगना मधुबाला, श्री बिरला एवं वहां उपस्थित सभी परिजन पुलवामा के शहीद श्री हेमराज मीना को याद कर भाव विभोर हो गए। श्री बिरला ने कहा कि शहीद श्री मीना का सर्वोच्च बलिदान और देशभक्ति पूरे देश के लिए प्रेरणा का स्रोत है।